कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री विजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा, निवासी ग्राम पोस्ट सिकन्दरा, तहसील सिकराय, जिला दौसा राज0

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला कलक्टर) सिकराय।

अपील सं0 25/2020

<u>निर्णय</u>

दिनांक : 15.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला कलेक्टर) सिकराय, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। किन्तु प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। जिससे पीडित होकर अपीलांट द्वारा यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला कलक्टर) सिकराय को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांक: डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1054 दिनांक 19.06.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला कलक्टर) सिकराय ने अपने पत्रांक 461 दिनांक 08.07.2020 के द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना उनके कार्यालय से पत्रांक 329 दिनांक 13.03.2020 से प्रमाणित प्रति संलग्न करते हुए प्रेषित कर दी गई। लेकिन इसी दौरान कोविड–19 की वजह से लोकडाउन होने के कारण संबंधित तक नही पहुॅच पाई। उक्त पत्र की प्रति संलग्न पत्रावली है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को प्रार्थना पत्र में अंकित पते पर सूचना प्रेषित कर दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारियां)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा